वर्ष- 22 अंक - 70 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, शनिवार 22 अगस्त 2026



## कुबेरेश्वर धाम जा रही कार के उड़े परखच्चे

## 3 की मौत, 8 गंभीर

**मुलताई बैतूल ● एजेंसी**

बैतूल जिले के मुलताई फोरलेन पर जीतू ढाबे के पास आज तड़के एक तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े ट्रक के पीछे जा घुसी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। मौके पर ही पति-पत्नी सहित तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ लोग गंभीर रूप से घायल हैं। कार में सवार लोग नागपुर से कुबेरेश्वर धाम जा रहे थे। कुबेरेश्वर धाम में कल कांवड़ यात्रा निकलने वाली है।

**बस ने 17 लोगों को रौंदा-** बिहार के बेतिया में बच्चे के जन्म के मौके पर घर के बाहर चल रहे ऑर्केस्ट्रा कार्यक्रम में एक बेकाबू बस घुस गई। इस हादसे में बच्चे के पिता सहित 5 लोगों की मौत हो गई। जबकि 12 लोग घायल हो गए।

# तीन अस्पतालों में लगी आग तीन नवजात बच्चे झुलसे

### भोपाल, छिंदवाड़ा, दमोह की घटना पर कई मरीजों को बचाया

**शनिवार ● एजेंसी**

छिंदवाड़ा जिला अस्पताल के नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई में आधी रात को एक वार्मर मशीन में अचानक स्पार्किंग के बाद आग लग गई। हादसे के दौरान वार्मर में रखे तीन नवजात बच्चे इसकी चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गए, जिन्हें इलाज के लिए जबलपुर रैफर किया गया। उधर भोपाल के दीपशिखा अस्पताल में भीषण आग लग गई। पुलिस ने 20 मरीजों को रेस्क्यू कर बचाया, जिनमें डिलीवरी कराने वाली महिलाएं भी शामिल थीं। इसी तरह दमोह में जिला अस्पताल के पर्ची काउंटर के पास पंखे में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई।

### रिएक्टर फटा, 2 मरे, 9 झुलसे

तेलंगाना के यादाद्रि भुवनगिरी जिले में एक फार्मा कंपनी की यूनिट में रिएक्टर फट गया। हादसे के बाद लगी आग में दो कर्मचारियों की मौत हो गई और नौ लोग घायल हुए।

## न्यूज ब्रीफ...



### खौफ में हाफिज सईद घर में हुआ कैद

**शनिवार.एजेंसी।** 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के खिलाफ भारत में मुकदमा शुरू होने से हाफिज सईद और पाकिस्तान बुरी तरह घबरा गए हैं। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई ने हाफिज सईद को घर में कैद कर दिया है और उसके आने-जाने पर रोक लगा दी है। पाकिस्तान को हाफिज सईद की मौत का डर सता रहा है।

### राहुल के कार्यक्रम से पहले भिड़े छात्रों के दो गुट

**पुणे.एजेंसी।** राहुल गांधी के आज होने वाले छात्रों की गूंज कार्यक्रम से एक दिन पहले पुणे में हंगामा हो गया। सीओईपी कॉलेज परिसर और हॉस्टल के छात्रों के साथ कथित मारपीट की घटना के बाद हॉस्टल कैंपस में एबीवीपी और एनएसयूआई के छात्र आपस में भिड़ गए।

## हेलीकॉप्टर की हवा से उड़ा ठेला, बाइक से गिरे लोग

**झांसी.एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के झांसी में कांवड़ यात्रा के दौरान आसमान से फूलों की बारिश के दौरान जब हेलीकॉप्टर बहुत ज्यादा नीचे आ गया तो हेलीकॉप्टर के पंखे की हवा से सड़क पर लोग डगमगाने और उड़ने लगे। ठेला उड़ गया। कई लोग बाइक से गिर गए। कई होर्डिंग भी फट गए।

### कांवड़ियों ने रोक दी ट्रेन

पश्चिम बंगाल के आसनसोल में जब रेलवे पुलिस ने एक कांवड़ यात्री को ट्रेन से उतार दिया तो रेल में सवार 150 कांवड़ियों के जत्थे ने चेन खींचकर रेल रोक दी। डेढ़ घंटे तक ट्रेन रुकी रही। उतारे गए कांवड़ यात्री को वापस बैठाने के बाद ही ट्रेन आगे रवाना हुई।

### कांवड़ियों के सामने झुकी पुलिस

उत्तरप्रदेश के कन्नौज में देर रात डीजे को लेकर कांवड़ियों और पुलिस में झड़प हो गई। कांवड़ियों ने काफी देर तक हाई वोल्टेज हंगामा किया। कांवड़ियों के सामने झुकते हुए पुलिस ने माफी मांगी और कोतवाल ने नौकरी छोड़ने तक की बात कह दी।




लोकप्रिय विधायक
श्री महेन्द्र हार्डिया जी
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई
पार्षद प्रणव मंडल
पार्षद पुष्पेन्द्र पाटीदार
पार्षद राजीव जैन
पार्षद मलखान कटारिया
उस्मान पटेल
पार्षद महेश बसवाल
पार्षद संगीता महेश जोशी
महेश जोशी
पार्षद सुनीता दिनेश सोनगरा
दिनेश सोनगरा
पार्षद निशा रुपेश देवलिया
रुपेश देवलिया (महापौर प्रतिनिधि)
पार्षद विजयलक्ष्मी गौर
अनिल गौर
विधायक श्री महेन्द्र हार्डिया मित्र मण्डल
भारतीय जनता पार्टी इंदौर विधानसभा 5


जीवेत शरदः शतम्
आदरणीय लोकप्रिय विधायक जी
विधानसभा क्षेत्र क्र.5
श्री महेन्द्र
हार्डिया जी
को जन्मदिन की हार्दिक
बधाई एवं शुभकामनाएं !
बधाईकर्ता: भगवती उपाध्याय (वार्ड क्रमांक 51)

# कांग्रेस नेताओं ने गाए देशभक्ति गीत, आज सुबह ध्वजारोहण

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

शहर और जिला कांग्रेस का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर निर्वाणा होटल में आज दूसरे दिन भी जारी है। कल अलग-अलग सत्रों में आयोजन के के बाद शाम को भोजन का आयोजन हुआ और उसके बाद करीब रात 9.15 बजे गीत-संगीत का आयोजन चला। कांग्रेसियों ने देशभक्ति और यारी दोस्ती पर गीत गाये। चिंटू चौकसे और विपिन वानखेड़े ने एक साथ गाना गया, तो शैलेष गर्ग ने भी दोस्ती का गीत गुनगनाया। दोनों संगठन महामंत्री संजय बाकलीवाल और डॉ. दौलत पटेल गानों पर नृत्य करते देखे गए। कई कांग्रेसी



भी नृत्य में साथ देते दिखे। कार्यक्रम में करीब 10 मंडलम अध्यक्ष कारणवश नहीं पहुंचे थे, सारे ब्लॉक अध्यक्ष मौजूद रहे। रात को कई कांग्रेस नेता जिन्हें होटल रूकना था वे वहीं रुके और जिन्हें घर जाना था वह घर चले गए। आज सुबह करीब 7.15 बजे झंडावंदन का कार्यक्रम हुआ, जिसमें उपस्थिति कम नजर आई। कई कांग्रेस नेता घर तैयार होने भी चले गए थे। विधानसभा में नेताप्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी कल सेशन लिया था। कल भी भाजपा के जासूसों ने जासूसी की कोशिश की। इधर कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि कल बहुत ज्यादा सफलता जासूसों को नहीं मिली।

## कांग्रेस प्रशिक्षण में नहीं बुलाया तो ऊपर तक शिकायत

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

जमीनी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आगे लाओ संगठन के जीतू दीवान ने कहा कि जमीन से जुड़े कार्यकर्ता है, शायद इसीलिए उन्हें पद और प्रशिक्षण से दूर रखा गया। जीतू दीवान ने कहा कि निष्ठावान कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण शिविर में नहीं बुलाया, इसके लिए कांग्रेस आलाकमान मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी को पत्र लिखा जाएगा और शिकायत भी की जाएगी। दीवान ने कहा कि जिन पर राजनीतिक मुकदमे लगे हैं, पुलिस के डंडे खाए हैं उन समर्पित कार्यकर्ताओं को इस प्रशिक्षण शिविर में बुलाना चाहिए था, इससे कांग्रेस पार्टी मजबूत ही होती। गिनती के पदाधिकारियों को बुलाया गया, इनमें कई ऐसे हैं, जिनका अपने बूथ स्तर पर वजूद नहीं है। उल्लेखनीय है कि आलाकमान ने ही इस प्रशिक्षण के लिए निर्धारण किया था कि प्रशिक्षण में कौन-कौन मौजूद रहेंगे उसी आधार पर यह प्रशिक्षण शिविर प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर लगाया गया और इधर जमीनी कांग्रेस कार्यकर्ताओं की नाराजगी भी सामने आ गई।

## विधायक गौड़ स्विमिंग पूल बचाने के लिए करेंगी चर्चा

### *तैराक संघ पहुंचा था मालिनी के निवास*

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

विधानसभा 4 के विश्राम बाग स्थित नवनिर्मित स्विमिंग पूल को निजी संस्थान पीपीपी मॉडल पर दिए जाने के प्रस्ताव के विरोध में खिलाड़ी, तैराक, अभिभावक एवं खेलप्रेमी एकजुट होकर आज सुबह विधायक मालिनी गौड़ के निवास पर पहुंचे। मालिनी गौड़ के घर के बाहर मालिनी गौड़ जिंदाबाद के नारे भी लगे और सभी ने विधायक मालिनी गौड़ से आग्रह किया कि नवनिर्मित स्विमिंग पूल को निजी संस्थान के हाथों में जाने से बचाया जाए। विधायक गौड़ ने कहा कि मैं आप सब लोग के साथ महापौर और आयुक्त से मिलने चलूंगी और इस मुद्दे पर चर्चा की जाएगी और आग्रह करूंगी कि स्विमिंग पूल बचाया जाए।






## हार्डिया के जन्मदिन पर नलखेड़ा की धार्मिक यात्रा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विधायक महेन्द्र हार्डिया के जन्मदिन अवसर पर मातृशक्तियों के लिए शक्तिपीठ माँ बगलामुखी, नलखेड़ा की दर्शन एवं हवन-यज्ञ यात्रा श्रद्धा और भक्ति के साथ आयोजित की गई। रघु यादव, शंकर कुमावत के नेतृत्व में इस यात्रा में माँ बगलामुखी के समक्ष विधायक महेन्द्र हार्डिया की लम्बी उम्र की कामना भी की गई। दो बस के अलावा 11 कार से मातृशक्तियां ने धार्मिक यात्रा की। मुकेशसिंह राजावत, रघु यादव, जितेंद्र कौल, शंकर कुमावत, विनीत सेन, यशवंत काशिद, अनमोल यादव, विनोद यादव, महेंद्र मुरलिया, योगेश ठाकुर, अश्विनी शुक्ला, विकास वर्मा मौजूद थे।

# कांग्रेस नेता ने उठाया निगम की जाहिर सूचना के खेल का मुद्दा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

### सम्पत्ति के नामांतरण की सूचना की रसीद झोन से कटती है

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी लगातार नामांकन घोटाले का मुद्दा उठा रहे हैं। अब निगम ने नामांतरण के लिए अलग-अलग व्यवस्था शुरू कर दी है। द्विवेदी ने कहा कि निगम अभी भी ध्यान दें कि कालोनाईजर द्वारा वैध कालोनी की रजिस्ट्री की गई है तो उसके सम्पूर्ण दस्तावेज एक बार प्राप्त करके फाईल बना ली जाए। उससे रजिस्ट्री की लिस्ट लेकर उसके साथ सहमति पत्र ले लिया जाए या नामांतरण आवेदन साथ सहमति पत्र का कालम, पृष्ठ जोड़ दिया जाए। वहीं जो नामांतरण के लिए लोग आते हैं उनसे जाहिर सूचना के पैसे झोन पर ही ले लिए जाते हैं। किसी से 1 हजार तो किसी से 1500 रु. लेकर नाम मात्र के छपने वाले अखबारों में 100 और 200 रु. में यह जाहिर सूचना झोन पर बैठने वाले राजस्व से संबंधित लोग दे देते हैं, ऐसा खेल ज्यादातर झोन पर चल रहा है और रोजाना हजारों-हजार रुपये झोन पर बैठने वाले नामांतरण करने वाले कमा रहे हैं। यह कर्मचारी लगातार अखबारों से भाव कर कम से कम में जाहिर सूचना लगा देते हैं और नामांतरण कराने वालों से ज्यादा से ज्यादा रुपये लेते हैं। यह कार्य क्या अधिकारियों नहीं दिख रहा है। द्विवेदी ने कहा कि यह जाहिर सूचना अधिवक्ताओं के माध्यम से जारी होना चाहिए ना कि कर्मचारियों के माध्यम से जारी होना चाहिए, जिन-जिन कर्मचारियों ने झोन पर रोजाना हजारों-हजार रुपये कमाने का खेल किया उन पर कार्रवाई की जाए, नहीं तो कांग्रेस भंडाफोड़ करेगी।

## अमृता राय की अगवानी



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की पत्नी अमृता राय इंदौर आई तो विमानतल पर उनका स्वागत नासिर खान, सुरजीतसिंह चड्ढा ने किया।




## एनएसयूआई ने निकाला चुनाव को लेकर पैदल मार्च

**इंदौर।** मध्यप्रदेश में छात्रसंघ चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराए जाने की मांग को लेकर एनएसयूआई ने नारेबाजी करते हुए पैदल मार्च निकाला। प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे, जिला अध्यक्ष विक्रमसिंह सचान, प्रिंस हार्डिया, रजत पटेल, राजवीर लाखा, राहुल ठाकुर, मंत्री सेंगर, विशाल चौहान, आयुष यादव, स्वप्निल ठाकुर, हुसैन मेहर सहित छात्र और अन्य मौजूद रहे। छात्रों की भीड़ विक्रमसिंह सचान ने जुटाई थी।

# शकर मूल्य बढ़ोत्री पर सरकार की चुप्पी क्यों -कांग्रेस

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

### बड़े त्योहार पर बढ़े दाम पर नियंत्रण क्यों नहीं?

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता राजेश चौकसे एवं अमित चौरसिया ने संयुक्त बयान जारी करते हुए शकर के लगातार बढ़ते दामों को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार में महंगाई ने आम आदमी की रसोई को बेहाल कर दिया है। अब शकर में भी सोने जैसी चमक आ गई है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि रक्षाबंधन जैसे पवित्र त्योहार पर बहनों की रक्षा बंधन की थाली में मिठास भी महंगी हो गई है। कुछ माह पहले लगभग 40 रुपये किलो के आसपास मिलने वाली शकर अब बाजारों में 70-75 रुपये किलो तक पहुंच गई है आगे भी चीनी के दामों मे मूल्य वृद्धि बने रहने की आशंका जताई जा रही है। वृद्धि ने आम परिवार का घरेलू बजट बिगाड़ दिया है। उन्होंने सवाल उठाया कि देश में पर्याप्त स्टॉक होने के बावजूद शकर के दाम अचानक रिकॉर्ड स्तर तक कैसे पहुंच गए? क्या बाजार में कृत्रिम कमी पैदा की जा रही है? क्या जमाखोरी और सट्टेबाजी के जरिए मुनाफाखोरी का खेल चल रहा है? अगर सरकार को स्टॉक लिमिट लागू करने और 10 लाख टन शकर आयात करने की जरूरत पड़ रही है, तो फिर उसके पहले बाजार की निगरानी क्यों नहीं की गई? सरकार एक ओर पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण को बढ़ावा दे रही है और दूसरी ओर गन्ने के रस एवं सिरप के एथेनॉल उत्पादन में इस्तेमाल से चीनी की उपलब्धता पर पड़ने वाले असर को नजरअंदाज कर रही है। सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि गन्ने का कितना हिस्सा चीनी उत्पादन से हटाकर एथेनॉल में गया और इसका आम उपभोक्ता पर कितना असर पड़ा? चौकसे और चौरसिया ने कहा कि त्योहारी सीजन शुरू होते ही शकर के दामों में इस तरह की तेजी कालाबाजारी, जमाखोरी, अवैध स्टॉक और मुनाफाखोरी की आशंका को जन्म देती है। जब चीनी उद्योग से जुड़े संगठन स्वयं देश में पर्याप्त स्टॉक होने की बात कह रहे हैं, तो फिर उपभोक्ता को महंगी शकर क्यों खरीदनी पड़ रही है? कांग्रेस नेताओं ने कहा शकर के बढ़ते दामों पर तत्काल नियंत्रण लगाए।

# फर्जी नामांतरण घोटाला में जो अधूरी कड़ियां निगम नहीं जोड़ सका वो जोड़ रही पुलिस

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** नगर निगम में सामने आए फर्जी नामांतरण घोटाले की जांच अब पुलिस के स्तर पर आगे बढ़ रही है। निगम की करीब ढाई महीने चली जांच के बाद रिपोर्ट पुलिस को सौंप दी गई है। जांच में सामने आए संदिग्धों पर एफआईआर दर्ज करने के लिए निगम ने आवेदन दिया है। हालांकि, पुलिस का कहना है कि मामले में आरोपियों की संख्या अभी बढ़ सकती है। इसी वजह से प्रकरण दर्ज करने से पहले अधूरी कड़ियों को जोड़ने और संदिग्धों की भूमिका स्पष्ट करने के लिए पूछताछ की जा रही है।

नगर निगम की जांच में सामने आया है कि एक ही रात में अलग-अलग 354 संपत्तियों के नाम दूसरे लोगों के नाम पर चढ़ा दिए गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए निगम ने दस्तावेजों और रिकॉर्ड की जांच कर रिपोर्ट तैयार की। इसमें कई लोगों की भूमिका संदिग्ध पाई गई है। नगर निगम के राजस्व अधिकारी आकाश सिंह के मुताबिक, निगम की जांच में जिन लोगों की भूमिका सामने आई है, उनके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया जाना चाहिए। जांच में दलाल, वकील और अन्य लोगों की भूमिका भी सामने आई है, जो आम लोगों को बरगलाने और कथित भ्रष्टाचार में शामिल हो सकते हैं। हालांकि, निगम की ओर से इन्हें सीधे आरोपी नहीं बनाया गया है। इनकी भूमिका और संपर्कों की जांच पुलिस कर रही है। मामले में 51 पीड़ित भी सामने आए हैं, जिनकी संपत्तियों को कथित तौर पर धोखाधड़ी के जरिए बेचा गया। शुरुआत में कई पीड़ित पूछताछ के लिए सामने नहीं आ रहे थे। पुलिस द्वारा कई बार बुलाए जाने के बाद उन्होंने बयान दर्ज कराए हैं। हालांकि, उनके साथ धोखाधड़ी करने वाले और उनसे संपर्क में रहने वाले लोगों के संबंध में अभी पूरी जानकारी सामने नहीं आई है।

**घोटाले में शामिल दलाल, निगमकर्मी और कम्प्यूटर आपरेटर का खोजा जा रहा लिंक**

अपर आयुक्त आकाश सिंह के अनुसार, निगम की जांच रिपोर्ट में कुल 26 लोग संदिग्ध पाए गए हैं। इनमें 18 दलाल और छह अन्य लोग शामिल हैं, जबकि बाकी संदिग्धों की भूमिका भी जांच के दायरे में है। पुलिस से इन सभी की भूमिका की गहनता से जांच करने का अनुरोध किया गया है। निगम अधिकारियों का मानना है कि पूछताछ और दस्तावेजों की जांच के बाद घोटाले में शामिल लोगों की संख्या और बढ़ सकती है। यही वजह है कि पुलिस फिलहाल मामले की सभी कड़ियों को जोड़ने में जुटी है। इसके बाद दोषियों की भूमिका स्पष्ट होने पर एफआईआर दर्ज किए जाने की संभावना है।

## घोटाले की टाइमलाइन

- एक ही रात : 354 संपत्तियों के नाम कथित तौर पर फर्जी तरीके से दूसरे लोगों के नाम दर्ज किए गए।
- इसके बाद : नामांतरण में गड़बड़ी की शिकायतें सामने आने लगीं और नगर निगम ने जांच शुरू की।
- करीब ढाई महीने : निगम स्तर पर रिकॉर्ड, दस्तावेज और संबंधित लोगों की भूमिका की जांच की गई।

**जांच के दौरान :** 51 पीड़ित सामने आए, जिन्होंने संपत्ति से जुड़ी धोखाधड़ी के संबंध में बयान दिए।

जांच पूरी होने पर : नगर निगम ने रिपोर्ट पुलिस को सौंप दी और सामने आए आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए आवेदन किया।

**वर्तमान स्थिति:** 26 संदिग्धों की भूमिका पुलिस के रडार पर है। दलालों, वकीलों और अन्य लोगों से पूछताछ कर अधूरी कड़ियां जोड़ी जा रही हैं। पुलिस की जांच के बाद संदिग्धों की संख्या बढ़ने की संभावना है।

# शुरू होते ही फुल हो गई हेरिटेज ट्रेन

### *20 सितम्बर तक हुई बुकिंग, नॉन एसी चेयर कार की डिमांड ज्यादा*

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** पातालपानी-कालाकुण्ड के बीच आज से हेरिटेज ट्रेन का संचालन शुरू हुआ। 8 माह बाद आज ट्रेन फिर चली। हालांकि ट्रेन की बुकिंग मिलना मुश्किल हो रहा है। रेलवे ने 20 सितम्बर तक की बुकिंग की है। शुरू होते ही ट्रेन फुल हो गई। रेलवे पीआरओ मुकेश कुमार के अनुसार कल से ट्रेन की बुकिंग शुरू हुई है। प्राकृतिक सौन्दर्य के लिए प्रसिद्ध हेरिटेज ट्रेन के लिए लोगों की रूचि का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि रेलवे ने फिलहाल 20 सितम्बर तक आने वाले शुक्रवार, शनिवार और रविवार तक की बुकिंग की है और 20 सितम्बर तक आज सुबह एक भी दिन की कन्फर्म बुकिंग नहीं मिल रही है। नॉन एसी चेयर कार के टिकिट तो बुक ही नहीं हो रहे है। वहीं ऐसी चेयर कार के टिकिट वेटिंग लिस्ट में बुक हो रहे है। आज सुबह ट्रेन क्रमांक 52965 सुबह 11.05 बजे पातालपानी से कालाकुण्ड के लिए रवाना हुई। वहीं 52966 कालाकुण्ड से दोपहर 3.34 बजे वापस रवाना होगी जो शाम 4.30 बजे पातालपानी पहुंचेगी। दोनों ट्रेनों के लिए इच्छुक लोगों को अलग-अलग बुकिंग करना है। फिलहाल राउण्ड ट्रीप बुकिंग की कोई व्यवस्था नहीं है।

**बारिश तो हुई नहीं, फिर भी जगह नहीं-** ट्रेन हरियाली और पहाड़ी नजारों के बीच से गुजरती है, पर्यटकों के लिए यह खास सफर होता है। खासतौर पर बारिश के मौसम में यह ट्रेन संचालित की जाती है। बारिश के कारण ही हरियाली छा जाती है। फिलहाल इन्दौर में कोई खास बारिश हुई नहीं है। झरनों ने भी फिलहाल रौद्र रूप नहीं लिया है इसके बावजूद सैलानियों ने हेरिटेज ट्रेन के लिए रुचि दिखाई है।

# सुपर कॉरिडोर का 17 करोड़ का प्लाट प्राधिकरण ने निकाला

## टेंडर के साथ ऑनलाइन नीलामी से होगा आवंटन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**इंदौर विकास प्राधिकरण के द्वारा सुपर कॉरिडोर का 17 करोड़ रुपए कीमत का प्लाट आवंटन के लिए निकल गया है। इसमें टेंडर के साथ ऑनलाइन नीलामी के माध्यम से आवंटन किया जाएगा।**

प्राधिकरण अब सुपर कॉरिडोर क्षेत्र में अपने पास मौजूद प्लाट को इच्छुक लोगों को आवंटित करने में रुचि लेता हुआ नजर आ रहा है। बार-बार यह मुद्दा उठता है कि प्राधिकरण के द्वारा सुपर कॉरिडोर के रूप में एक अच्छी सड़क का निर्माण तो कर दिया गया है लेकिन इस सड़क के दोनों और मौजूद प्लाट खाली पड़े हुए हैं। ऐसे में इस कॉरिडोर पर आबादी नहीं हो पा रही है। इसके परिणाम स्वरूप पूरा कॉरिडोर सुनसान बना हुआ रहता है। अब इस कॉरिडोर के क्षेत्र में मेट्रो रेल कंपनी की मेट्रो रेल भी चलने लगी है लेकिन आबादी नहीं होने के कारण इस मेट्रो रेल को भी सवारी नहीं मिलती है।

इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए प्राधिकरण के द्वारा पिछले दिनों अपने इतिहास में पहली बार सुपर कॉरिडोर के कुछ प्लाट टेंडर और ऑनलाइन नीलामी के माध्यम से आवंटित करने की प्रक्रिया को शुरू किया गया है। अभी यह प्रक्रिया पूरी होती उसके पहले ही आज प्राधिकरण ने सुपर कॉरिडोर के 30 मी. की सड़क के कॉर्नर का प्लाट आवंटन के लिए जारी किया है। इस प्लाट का क्रमांक 41-सी है। प्राधिकरण के द्वारा इस प्लाट की न्यूनतम दर 65000 रुपए प्रति वर्ग मीटर रखी गई है। इस प्लाट का आकार 2627 वर्ग मीटर का है। इस तरह से इस प्लाट की कीमत न्यूनतम कीमत के रूप में ही 17 करोड़ रुपए होती है।

प्राधिकरण के द्वारा अब इस प्लाट को आवंटित करने की प्रक्रिया को शुरू कर दिया गया है। इस प्लाट के लिए 15 सितंबर तक टेंडर भरे जा सकेंगे। इसके बाद 17 सितंबर तक तकनीकी निविदा खोली जाएगी। प्रारंभिक निविदा 24 सितंबर को खोली जाएगी और इस प्लांट के लिए 1 अक्टूबर को सुबह 11:30 बजे से लेकर दोपहर 2:30 बजे तक ई नीलामी होगी। प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि 17 करोड़ का यह प्लाट कम से कम 20 करोड़ से ज्यादा राशि में जाएगा। इस प्लाट को फ्री होल्ड रखा गया है।

### कई उपयोग हो सकेंगे

सुपर कॉरिडोर पर स्थित सभी प्लाट का उपयोग मल्टीपल है। प्राधिकरण के द्वारा इन सभी प्लाट पर सुपर कॉरिडोर लैंड युज दिया गया है। इसके अंतर्गत आवासीय, व्यावसायिक, पीएसपी, औद्योगिक सारी गतिविधियों का संचालन इन प्लांट पर किया जा सकता है। यही कारण है कि यह प्लाट सभी के लिए उपयोगी और सुविधाजनक बने हुए हैं। अब प्राधिकरण इसी खासियत को शोकेस करते हुए यह प्लाट आवंटित करने की प्रक्रिया कर रहा है।

# बाईपास पर सड़क के लिए निगम की बड़ी कार्रवाई

## बड़े-बड़े बंगलो का आगे का हिस्सा तोड़ा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** नगर निगम के द्वारा बाईपास पर सड़क के लिए बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। यहां सड़क के निर्माण में बाधक बंगलो के आगे के हिस्से को तोड़कर स्थान को खाली कराया गया।



इंदौर नगर निगम की रिमूवल गैंग के द्वारा आज सुबह इंदौर बाईपास पर होटल प्राइड के पास वाले स्थान पर जाकर एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। इस स्थान पर लाइन से बड़े-बड़े बंगले बने हुए हैं। इन बंगलो के निर्माण के कारण इस क्षेत्र से निकल रही मास्टर प्लान की सड़क के लिए जगह नहीं मिल पा रही थी। ऐसी स्थिति में नगर निगम के द्वारा पिछले काफी समय से इन बंगला मालिकों को नोटिस देकर सड़क के लिए जगह देने के लिए कहा जा रहा था। निगम के नोटिस का इन बंगला मालिकों के द्वारा ना तो कोई जवाब दिया जा रहा था और नहीं स्थान को खाली करके सड़क के लिए जगह दी जा रही थी। ऐसी स्थिति में नगर निगम के लिए यह जरूरी हो गया था कि सड़क के निर्माण को सुनिश्चित करने के लिए इन बंगले के आगे के क्षेत्र के निर्माण को तोड़ा जाए। निगम के अधिकारियों के द्वारा दो दिन पहले यह फैसला लिया गया था कि आज शनिवार के दिन रिमूवल की इस कार्रवाई को अंजाम दे दिया जाएं। इस फैसले के तहत आज सुबह नगर निगम की रिमूवल टीम चार जेसीबी मशीन और चार पोकलेन मशीन लेकर मौके पर पहुंच गई। इन टीम के द्वारा सड़क बनाने के लिए चिन्हित किए गए स्थान पर बने हुए निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई की गई। इस हाई प्रोफाइल कार्रवाई के लिए निगम के अधिकारियों को इस बात का अनुमान था कि उन पर कार्रवाई रोकने का दबाव आएगा। यही कारण है कि महत्वपूर्ण व्यक्तियों के द्वारा जो कि इस कार्रवाई से जुड़े हुए थे उन्होंने अपने मोबाइल दूसरे लोगों को दे रखे थे। इस तरह निगम के द्वारा आज सुबह एक बड़ी कार्रवाई करते हुए चार बंगले के आगे के हिस्से तोड़ दिए गए। इस दौरान जो विरोध करने की कोशिश की गई तो वह पर्याप्त पुलिस बल और अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के रूप में दंडाधिकारी की मौजूदगी के कारण नहीं हो सकी।

# भागीरथपुरा में भी निगम की कार्रवाई

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** नगर निगम की टीम के द्वारा आज सुबह भागीरथपुरा में भी एक कार्रवाई को अंजाम दिया गया। वहां पर अवैध रूप से बनाए जा रहे मकान के हिस्से को तोड़ दिया गया। इस अवैध निर्माण के बारे में नगर निगम को क्षेत्र के नागरिकों की ओर से ही शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत के आधार पर नगर निगम के द्वारा नोटिस जारी कर निर्माण कार्य रोकने का नोटिस जारी किया गया था। इस नोटिस के बाद भी भवन निर्माता के द्वारा निर्माण को नहीं रोका गया। ऐसी स्थिति में नगर निगम की टीम के द्वारा आज सुबह जाकर रिमूवल की कार्रवाई कर दी गई। निगम के अधिकारियों ने बताया कि यह मकान पूर्ण रूप से अवैध तरीके से बनाया जा रहा था। मकान का निर्माण करवाने के लिए किसी तरह का नक्शा नगर निगम से मंजूर नहीं करवाया गया था।


यश शुक्ला जी
जीतू जिराती जी
पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष
गौरव रणदीवे जी
प्रदेश महामंत्री
मधु वर्मा जी
विधायक राऊ
कैलाश विजयवर्गीय जी
केबिनेट मंत्री
श्री मोहन यादव जी
यशस्वी मुख्यमंत्री
सुमित मिश्रा जी
यशस्वी नगर अध्यक्ष
मनोज परमार जी
राष्ट्रीय अध्यक्ष-ब.म.स.
दीपक जायसवाल जी
लोकप्रिय विधायक क्षेत्र क्रं. 5
महेन्द्र हार्डिया जी
(बाबा)
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई
गोलू शुक्ला जी
लोकप्रिय विधायक क्षेत्र क्रं. 3
श्रीमती मंजू राकेश गोयल
पूर्व पार्षद वार्ड क्रं.54
राकेश गोयल
महेन्द्र हार्डिया जी
लोकप्रिय विधायक
क्षेत्र क्रं. 5
मुकेश नामदेव जी
आशीर्वाद ग्रुप
सुनील वर्मा जी
पूर्व मंडल अध्यक्ष
अनिल (अप्पी) मीणा जी
मनोज दयालु
पप्पू जोशी
पंकज चौबे
दादू दुबे
पंकज चौधरी
प्रमोद रघुवंशी
आयुष गोयल
पियुष गोयल
बबलू राठौर
मनोज गोयल
मोहन राठौर
मुकेश गोयल
रामसिंह
पिन्टू पवार
दिलीप नागराज
बधाईकर्ता - राकेश गोयल मित्रमंडल

# माहेश्वरी महासभा के उम्मीदवारों ने दिया उद्बोधन

## निवृत्तमान सभापति सोनी ने भी वोट क्यों के बताए कारण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।




अ.भा. माहेश्वरी महासभा के चुनाव अगले माह 20 सितम्बर को होना है। मध्यांचल क्षेत्र की वोटिंग सूरत में होगी। देश भर में 5 वोटिंग सेंटर बनाए गए हैं। इंदौर के महेश्वरम सभागृह में निवृत्तमान सभापति श्याम सोनी की मौजूदगी में मुख्य चार उम्मीदवारों के साथ अंचल के दो उम्मीदवार सहित 6 उम्मीदवारों ने अपनी बात बेबाकी से रखी। सभी ने उद्बोधन से मौजूद मतदाताओं को आकर्षित किया। संवाद आपसे आयोजन में पूर्व सभापति श्याम सोनी ने कहा कि हमको अब बुलट ट्रेन की गति से काम करना होगा नहीं तो पूरे राष्ट्र का समाज पिछड़ जाएगा। साथ ही यह भी कहा कि बड़े सामाजिक संगठन में पारदर्शिता अत्यंत जरूरी है। महासभा के पूर्व संगठन मंत्री रहे अशोक ईनानी ने पूरी व्यवस्था संभाल रखी है। पूरे प्रदेश के अंचल में यह दौरा उम्मीदवारों का चल रहा है। सभापति पद के त्रिभुवनदास काबरा, महामंत्री पद के राजकुमार कालिया, अर्थ मंत्री प्रवीण सोमानी, संगठन मंत्री बाबूलाल मोहता, अंचल उपसभापति दिनेश राठी, संयुक्त सचिव अनिल सोमानी ने अपने उद्बोधन से प्रभावित किया। सभी ने अपनी बात बेबाकी से रखी। रामअवतार जाजू, ईश्वर बाहेती, संजय मानधन्या, सत्यनारायण मंत्री पप्पू, रविन्द्र राठी, महेश मूंगड़, राजेश मूंगड़, रजत बेड़िया, मधुसूदन भलिका, डॉ. सीपी हेड़ा, घनश्याम झंवर, गौरीशंकर लखोटिया, राकेश लखोटिया, ओमप्रकाश सोमानी, बलदेवदास जाजू, रूपेश भूतड़ा, देवेन्द्र ईनानी, तपन माहेश्वरी, माधुरी विजय सोमानी, राम मूंदड़ा, राजीव बिन्नानी, ओमप्रकाश पसारी, कैलाश जाजू, महेश लड्ढा, प्रकाश माहेश्वरी, सुधीर तोषनीवाल, चेतन बियाणी, कमलेश गगरानी, सीमा गगरानी, मीना ईनानी, शैलेष सोढानी सहित अन्य मौजूद थे।

## माहेश्वरी महिलाओं ने किया 12 ज्योतिर्लिंग मंदिर पर अभिषेक

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। श्री दक्षिण क्षेत्र माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा पावन सावन मास में 12 ज्योतिर्लिंग मंदिर, हवा बंगला चौराहा पर भगवान के अभिषेक, पूजन, आरती का आयोजन किया। शोभा माहेश्वरी, पुष्पा मौलासरिया, अन्नपूर्णा मूंदड़ा, सुमन सारडा, सरोज सोमानी, रूपेश भूतड़ा, रजत लड्ढा, अनिल मंत्री, नीलेश माहेश्वरी, प्रदीप बाहेती, अनिल लड्ढा,



आयुष मालानी दिलीप तापड़िया, अंचित बल्दवा की मौजूदगी में यह आयोजन हुआ। कार्यक्रम को सुचारू करने में पिंकी काकाणी, प्रज्ञा सोमानी, साधना कचोलिया, कल्पना जाजू, वंदना मूंदड़ा, शिखा हुरकट का योगदान रहा।



## नीमा की सुमन काव्य कृति का विमोचन

इंदौर। दिलीप रामचन्द्र नीमा की काव्य कृति मेरे भाव सुमन का विमोचन किया गया। मुकेश इंदौरी, नीति अग्निहोत्री, प्रेरणा सेंद्रे, दिलीप मंडलोई, डॉ. शशि निगम, डॉ योगेंद्रनाथ शुक्ल, नरेंद्र मंडलोई, सुधा चौहान राज, रमेश मंडलोई, सुषमा राजपुरोहित मौजूद थे।



## छात्राओं ने पेड़ों को बांधी राखी

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। संस्था मालव मंथन ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर सबसे पहली राखी पेड़ के नाम कार्यक्रम का आयोजन अहिल्या आश्रम स्कूल क्रमांक 2 महाराणा प्रताप नगर में किया। छात्राओं को पर्यावरण का महत्व समझाया और भाई स्वरूप पेड़ को राखी छात्राओं द्वारा बांधी गई।

## न्याय नगर महादेव का तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव कल से

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। न्याय नगर उद्यान स्थित महादेव मंदिर का त्रिदिवसीय वार्षिकोत्सव रविवार से मंगलवार तक मनाया जावेगा। कल रविवार की सुबह 10 बजे से अखंड रामायण परायण पाठ शुरू होगा, जिसका समापन 24 अगस्त सोमवार को होगा। भगवान का अभिषेक, हवन, भजन के आयोजन होंगे। सोमवार की शाम महाआरती भी होगी। 25 अगस्त की सुबह 9 बजे से अभिषेक, हवन के आयोजन होंगे। मंगलवार की शाम महाआरती, छप्पन भोग, भंडारा का आयोजन होगा। आयोजन से रहवासी संघ जुड़ा है। भगवान का फूलों से श्रृंगार और मंदिर को रोशनी से श्रृंगारित किया जाएगा।



## भागवत कथा समापन पर हुआ धार्मिक नृत्य

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। श्री परमानंद आश्रम, पागनीस पागा में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का समापन हुआ। समापन पर कीर्तन पर धार्मिक नृत्य किया गया। आरती प्रसादी का आयोजन भी हुआ। गौरव तिवारी के श्रीमुख से यह कथा हुई। प्रकाश तलरेजा, मुकेश वाधवानी, प्रतापराय मंगानी, सुरेश गेरा, भावना चौधरी, हरीश वाधवानी, नरेश पाहुजा सहित अन्य मौजूद थे।

## कोरी/कोली समाज कल लगाएगा महापंचायत

इंदौर। कोरी/कोली समाज द्वारा कल रविवार की सुबह 11 बजे से कोरी धीमान समाज धर्मशाला मिश्र नगर में महापंचायत लगाएगा। वहीं दोपहर में समाज की बैठक भी आयोजित होगी। प्रकाश महावर कोली, घनश्याम शेर, जीपी टिकरिया, दिनेश वर्मा सहित अन्य मौजूद रहेंगे।





# श्रावणी उपाक्रम को लेकर बैठक

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** ब्राह्मण समाज संगठन, मूसाखेड़ी द्वारा श्रावण मास की पूर्णिमा पर श्रावणी उपाकर्म कार्यक्रम नर्मदा शिप्रा संगम स्थल पर 28 अगस्त को प्रातः 8 बजे किया जा रहा है। पंडित द्वारका प्रसाद पाठक ने बताया कि श्रावणी उपाकर्म में दसविधि स्नान, यज्ञोपवीत धारण, तर्पण, सप्त ऋषि पूजन, हवन एवं ब्राह्मणों को भोजन प्रसादी सम्पन्न करवाई जाएगी। गुरुवार शाम आयोजन की अंतिम तैयारियों को लेकर संगठन बैठक संपन्न हुई। बैठक में द्वारकाप्रसाद पाठक, विनोद शास्त्री, जानकी प्रपन्नाचार्य, ब्रजकिशोर शर्मा, मनोज पांडे, जसराज शर्मा, विनोद शास्त्री, पुष्पेन्द्र रिछारिया, अंकित पाठक मौजूद थे।

# टीम जीतो के पदाधिकारियों ने किए संत दर्शन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** डॉ. कुमुदलता म.सा. के जीतो टीम के साथ एपेक्स के प्रेसीडेंट दर्शनार्थ पहुंचे। चातुर्मास हेतु विराजित अनुष्ठान आराधिका ज्योतिष चन्द्रिका डॉ कुमुद लता म.सा. के पावन सानिध्य में जीतो एपेक्स के विजय भण्डारी, सांखला, राजेन्द्र जैन, कल्पेश बोकडिया ने संतों के दर्शन किए। प्रकाश भटेवरा ने उक्त जानकारी दी।



# सालासर बालाजी का मना स्थापना दिवस

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सालासर बालाजी राजस्थान का श्रावण मास सुदी नवमी को स्थापना दिवस मनाया जाता है। शहर के हाईलिंक रेसीडेंसी छोटा बांगड़दा स्थित सालासर बालाजी धाम पर भी स्थापना दिवस पर उत्सव मनाया गया। मंदिर के मुख्य पुजारी महेंद्र पाराशर (बंटू गुरु) ने बताया की बालाजी का विशेष श्रृंगार कर 56 भोग लगाया गया एवं महाआरती की गई। इस दौरान कीर्तन किए गए। प्रसादी का आयोजन भी हुआ। इस अवसर पर मुकेश गर्ग, रवि पाराशर, सुदर्शन मेहता, रमेश आगार, अनुज आगार, प्रदीप शर्मा, पंकज पंवार, दिव्यांश गर्ग, गोपाल पंजवानी, मोहित जिंदल, सुमित गर्ग, राकेश पाराशर, सोनू लड्ढा सहित अन्य मौजूद थे।





# भगवान शिवजी और इंद्रदेव का अभिषेक पूजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्य प्रदेश ट्रांसपोर्ट महासंघ के अध्यक्ष संजय अरोड़ा ने बताया कि शहर में बरसात नहीं होना चिंता का विषय बना। इस पर एसोसिएशन ने भगवान शिवजी और इंद्रदेव का पिपलिया राव स्थित शिव मंदिर प्रांगण में अभिषेक, पूजन का आयोजन पं. मुकेश शर्मा के माध्यम से कराया। संजय अरोड़ा, जीतू दीवान, राकेश अरोडा, सचिन सेन, मलकीत सिंह, संतसिंह टक्कर, दलजीत भाटिया, रितिक अरोड़ा, रोहन अरोड़ा, बाबू उपस्थित थे।

# जैन समाजजन धार्मिक यात्रा पर

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** जैन समाज से जुड़े 75 सदस्य श्री नंदीमित्र सुकुमार मंडल के सदस्य मुक्तागिरि, चिखलधारा, भातकुली यात्रा के लिये शुक्रवार रात्रि बस से रवाना हुए। स्कूल से यह यात्रा शुरू हुई तो सभी को माला, झोला और अंग वस्त्र भेंट कर विदाई दी गई। प्रकाश बड़जात्या, देवेंद्र सेठी, सुनील शाह, नेमीचंद लुहाड़िया, दिलीप डोसी, मनोज गोधा, सुरेश जैन आदि मौजूद थे।



# चालिहा महोत्सव के अंतिम शुक्रवार को आस्था की दरकार

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

भगवान झूलेलालजी की आराधना में सिंधी समाजजन देश-प्रदेश के साथ इंदौर में भी चालिहा महोत्सव मना रहे हैं, इस महोत्सव में शुक्रवार का अपना महत्व है और कल अंतिम शुक्रवार को सभी जगह चालिहा महोत्सव में विशेष पूजा-अर्चना आराधना, आरती की गई, प्रसाद का वितरण भी हुआ। झूलेलाल मंदिर छत्रीबाग के अलावा क्रांतिकृपलानी नगर मंदिर में भी पूजा-आराधना, आरती, छप्पन भोग आयोजन किया गया। राजेन्द्र सचदेव, राधास्वामी शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।







# बिजासन माता मंदिर से निकली यात्रा

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। बिजासन माता मंदिर नेहरू नगर से भगवान भोलेनाथ की पालकी यात्रा क्षेत्र में भ्रमण कर वापस मंदिर पहुंची। रास्ते में जगह-जगह स्वागत किया गया। साबूदाना की खिचडी और अन्य प्रसाद का वितरण हुआ। भरत यादव, कान्हा राजपूत, भूपेंद्र रजावत, युग वर्मा, आदि यादव, विवेक चौहान, पीरिन्स जाट, विजय डूडाले, गड्डू यादव, निहाल यादव, वंदना वर्मा, साधना शर्मा, ज्योति शर्मा, राजेश्वरी, मंजू माहेश्वरी, अर्चना जायसवाल, मधुलिका शर्मा आकृति वर्मा, अनिल अदमाने, अंश यादव, वंश यादव, सोनू यादव, मालती कुशवाह धर्मेंद्र, ललिता, कैलाश लश्करी, विकास तायडे, संतोष बोके सहित अन्य मौजूद थे।

# सभा में गूंजा 628 किसानों की बीमा राशि का मुद्दा

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। इंदौर प्रीमियर को-ऑपरेटिव बैंक की साधारण सभा में किसानों से जुड़े गंभीर मुद्दे जोरदार तरीके से उठे। वर्ष 2017-18 एवं 2018-19 के 628 किसानों की लंबित फसल बीमा राशि का मुद्दा प्रमुख रहा। किसानों ने कहा कि सात वर्ष से अधिक समय से बीमा राशि नहीं मिलना गंभीर लापरवाही है, अब आश्वासन नहीं बल्कि भुगतान और जिम्मेदारी तय होना चाहिए। कर्मचारी यूनियन के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानेंद्र यादव ने 628 किसानों की बीमा राशि के साथ संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण का मुद्दा उठाया। किसान और मजदूर नेता बबलू जाधव ने भी 628 किसानों का मुद्दा उठाया और कहा कि किसानों के भुगतान की समयसीमा देनी होगी, अन्यथा किसान जोरदार आंदोलन करेंगे। बबलू जाधव, ज्ञानेन्द्र यादव, प्रवीण ठाकुर, संदीप यादव, सतीश मकवाना, चंदन सिंह बड़वाया, शैलेंद्र पटेल मौजूद थे।





## भगवान भोलेनाथ का अभिषेक कल महिला कावड़ यात्रा

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। हिंद रक्षक संगठन द्वारा आयोजित पांच दिवसीय 'शिवशक्ति महोत्सव' में अभिषेक, पूजन सहित अन्य धार्मिक आयोजन किए गए। एकलव्यसिंह गौड, अरविन्द चंदेल सहित अन्य मौजूद थे। महोत्सव का समापन 23 अगस्त को होगा। मातृशक्ति कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा प्रातः 10 बजे कीमती गार्डन से प्रारंभ होकर भूतेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेगी।



## बोडाने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। अखिल भारतीय राठौर क्षत्रिय महासभा में इन्दौर की मंजुश्री बोडाने को महासभा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। नियुक्ति में रामविलास राठौर, राजेन्द्र भदौरिया, सीमा राठौर की भूमिका रही। कई समाजजनों ने बधाई दी।

## स्काईज़ फ्रेंड्स ने मनाया मैत्री उत्सव

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। निपानिया स्थित स्काईज़ फ्रेंड्स समूह ने स्नेह मिलन एवं मैत्री संध्या आयोजित की। किरण राठी, सुजाता सुले, रंजू खेमका, वीणा कपूर, अंजू बियाणी, पुष्पा गुप्ता, सुशीला केशरीवाल सहित अन्य सदस्यों ने गीत-संगीत, खेल, हास-परिहास और संवाद का आनंद लिया।





## लायंस ने लगाए पौधे

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। इंदौर महानगर लायंस क्लब द्वारा फन एंड फूड गार्डन में क्लब सदस्यों द्वारा पौधे लगाए गए। मनजीतसिंह कौर भाटिया, रत्नेश श्रीवास्तव, अनिल जायसवाल, डॉ बिहानी उपस्थित थे।

## पुलिस की पहल से वृद्ध महिला को मिला आश्रय

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। रेलवे स्टेशन पर 72 वर्षीय दृष्टिहीन वृद्धा को रेलवे पुलिस ने 'प्रीयु फाउंडेशन' के माध्यम से आश्रय तक पहुंचाया।



## मधुमेह स्वास्थ्य शिविर कल लगेगा

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। श्री वैष्णव औषधालय, श्री वैष्णव डायग्नोस्टिक एवं किडनी सेंटर एवं शुभदीप आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क मधुमेह स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कल रविवार, 23 अगस्त को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक, श्री वैष्णव हायर सेकंडरी स्कूल सभागृह, राज मोहल्ला में आयोजित होगा। आहार-विहार परामर्श और अन्य सलाह भी चिकित्सकों द्वारा दी जाएगी।

# दूधिया, नेमावर रोड की बिजली व्यवस्था का निरीक्षण

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने जिले के दूधिया, नेमावर रोड इत्यादि ग्रामीण क्षेत्र की बिजली वितरण



व्यवस्था का निरीक्षण किया व सुधारात्मक कार्य के निर्देश दिए। सिंह ने इंदौर ग्रामीण वृत्त अंतर्गत दूधिया 33/11 केवी सब स्टेशन का निरीक्षण किया, यहां पिछले दिनों किए गए कार्यों की गुणवत्ता देखी, इससे होने वाले सकारात्मक प्रभाव, तकनीकी हानि में कमी की जानकारी ली। अधिकारी संजय मालवीय, डॉ. डीएन शर्मा एवं औद्योगिक संघ के संजय बड़जात्या, अनंत मोदी, संदीप बड़जात्या मौजूद थे।

# बिजली अधिकारी का जिला दौरा



खरगौन ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के इंदौर रीजन के मुख्य अभियंता राजेश चंद्र जैन ने खरगोन जिले के बिजली वितरण व्यवस्था एवं उपभोक्ता सेवा संचालन की जानकारी के लिए निरीक्षण किया। शहर ग्रामीण बिजली संभाग के बिजली वितरण व्यवस्था की जानकारी ली। ग्रिड पर पहुंचकर लॉगबुक भी देखी। उन्होंने खरगोन जिले के ऊन में रात्रि विश्राम किया, रात में बिजली प्रदाय व्यवस्था एवं रात्रिकालीन सेवा के दौरान मौजूद ग्रिड के कर्मचारियों से संवाद किया। अधिकारी जेपी ठाकुर, सौरभ साहू मौजूद थे।

# आयोग अध्यक्ष से की चर्चा

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। मध्य प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा यादव से करणी सेना की संभाग अध्यक्ष डॉ. नम्रता सिंह ने महिला सशक्तिकरण मुद्दे पर चर्चा की।





# उद्योगपतियों का नारा...एक पौधा उद्योग के नाम...

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। अलग-अलग क्षेत्रों सांवेर रोड, किला मैदान, पोलोग्राउंड, पीथमपुर एवं नेमावर रोड उद्योगपतियों ने बैठक कर अपने-अपने उद्योग परिसर क्षेत्रों को हरा-भरा बनाने और वर्षा जल संग्रह का संकल्प लिया और कहा कि एक पौधा उद्योग के नाम लगाने का काम किया जाएगा। वहीं पानी संचय का संकल्प भी लिया गया। हरि अग्रवाल, बीएम गुप्ता, राजेन्द्र मित्तल, स्वदेश शर्मा, सतीश गोयल, घनश्याम रघुवंशी, मनोज भिया, अतुल वेद, हितेश पटेल, श्यामकान्त झा, अनुपम अग्रवाल, विलास राणे सहित अन्य मौजूद थे।

संपादकीय

# चीनी पैदा करने में आगे, फिर मिठास पर पहरा क्यों? एथेनॉल से भंडारण सीमा तक सवाल

विपक्षी दलों की ओर से ऐसे आरोप लगाए जा रहे हैं कि बीते कुछ समय से एथेनॉल बनाने को लेकर जो अतिरेकी उत्साह देखा जा रहा है, उसकी वजह से चीनी की कमी हुई है और कीमतें बढ़ी हैं। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा चीनी उत्पादक देश है। यही वजह है कि यहां उत्पादन और खपत को लेकर आमतौर पर एक संतुलित स्थिति कायम रही है। कारोबारियों के लिए पंद्रह दिन का भंडारण तय करने का सरकारी फैसला पहली नजर में बाजार में चीनी की उपलब्धता और कीमतों को नियंत्रित करने की कोशिश दिखाई देता है। मगर सवाल यह है कि क्या इस कदम से वास्तव में चीनी सस्ती होगी या फिर इसके बावजूद उपभोक्ता को राहत नहीं मिलेगी। चीनी का बाजार केवल मिलों और व्यापारियों से नहीं चलता। इसके पीछे किसान, परिवहन, थोक विक्रेता, किराना दुकानदार और अंततः वह आम परिवार है, जिसकी रसोई में हर महीने चीनी की जरूरत पड़ती है। जब कीमत बढ़ती है, तो उसका असर केवल चाय की मिठास तक सीमित नहीं रहता, बल्कि मिठाई, बिस्कुट, पेय पदार्थ और अन्य खाद्य वस्तुएं भी महंगी हो जाती हैं। अगर पंद्रह दिन की भंडारण सीमा का उद्देश्य जमाखोरी रोकना है, तो यह स्वागतयोग्य है। मगर सरकार को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि छोटे कारोबारियों पर नियमों का अनावश्यक बोझ न पड़े। बड़े कारोबारी तो नियमों की पेचीदगियों से निकलने का रास्ता निकाल लेते हैं, लेकिन छोटा व्यापारी अक्सर निरीक्षण, कागजी कार्रवाई और प्रशासनिक दबाव का सबसे आसान निशाना बन जाता है। ऐसी स्थिति बाजार को स्वस्थ बनाने के बजाय असंतुलित कर सकती है। गौरतलब है कि भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा चीनी उत्पादक देश है। यही वजह है कि यहां उत्पादन और खपत को लेकर आमतौर पर एक संतुलित स्थिति कायम रही है। ऐसे में यह सवाल लाजिमी है कि आखिर ऐसी स्थिति क्यों आई कि चीनी की उपलब्धता को लेकर चिंता पैदा हुई और इसकी कीमतों पर नियंत्रण के लिए अतिरिक्त प्रयास करने पड़ रहे हैं। विपक्षी दलों की ओर से ऐसे आरोप लगाए जा रहे हैं कि बीते कुछ समय से एथेनॉल बनाने को लेकर जो अतिरेकी उत्साह देखा जा रहा है, उसकी वजह से चीनी की कमी हुई है और कीमतें बढ़ी हैं। अब उसकी भरपाई के लिए चीनी के आयात और भंडारण की सीमा लगाने की बात की जा रही है। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि जनता को आभासी आंकड़े नहीं, राहत की जरूरत होती है। सरकार को पारदर्शी निगरानी व्यवस्था बनानी चाहिए, छोटे व्यापारियों की परेशानियां कम करनी चाहिए और बाजार में चीनी की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करनी चाहिए।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** तेजाजी नगर ब्रिज के नीचे 25 वर्षीय युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। मिली जानकारी के अनुसार छिंदवाडा निवासी गौरव पिता ज्ञानदास को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। जिसके बाद वह सड़क पर गिर गया। राहगिरों ने 108 एम्बुलेंस को सूचना दी जिसके बाद एम्बुलेंस गम्भीर अवस्था में युवक को लेकर एमवाय पहुंची। चिकित्सको ने गौरव को मृत घोषित कर दिया।

## बंद कमरे से मिला युवती का सड़ा-गला शव, प्रताड़ना का लेटर बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**इंदौर।** बेटमा थाना क्षेत्र अंतर्गत जीवन ज्योति कॉलोनी में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक बंद मकान से युवती का डिकंपोज्ड शव बरामद किया गया। मृतका की पहचान पिंकी के रूप में हुई है, जो मूल रूप से सागर जिले की रहने वाली बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर शव को कब्जे में लिया।

पुलिस के अनुसार, मृतका पिंकी गत 15 जुलाई को शुभम नाम के एक युवक के साथ किराए से रहने के लिए इस मकान में आई थी। पड़ोसियों को जब मकान से तेज बदबू आने लगी, तो उन्होंने तुरंत बेटमा थाना पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब कमरा खोला तो युवती का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। जांच के दौरान पुलिस को मृतका की जेब से एक लेटर भी बरामद हुआ है, जिसमें प्रताड़ना का जिक्र किया गया है। पुलिस ने लेटर को जब्त कर फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है। बेटमा थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है और साथ रहने वाले युवक शुभम की तलाश शुरू कर दी है।

# पारिवारिक विवाद में भिड़े दो पक्ष, पति की दो पत्नियों के पक्षों में चले बैट

**इंदौर।** खुड़ैल थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। पति की पहली और दूसरी पत्नी के परिवारों के बीच हुए इस विवाद में दरवाजे तोड़े गए और बैट से हमला कर कई लोगों को घायल कर दिया गया। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार पहले पक्ष की फरियादी रचना पति सुभाष सोलंकी निवासी पिवड़ाय की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी ममता पति सुभाष सोलंकी और उसकी बेटी मुस्कान निवासी बुढानिया, हातोद के खिलाफ केस दर्ज किया है। रचना ने बताया कि वह घर पर अकेली थी, तभी उसके पति की पहली पत्नी ममता अपनी बेटी के साथ हाथ में बैट लेकर आई और घर का दरवाजा तोड़ने लगी। दरवाजा तोड़कर अंदर घुसी आरोपियों ने गालियां दीं और विरोध करने पर बैट से सिर पर वार कर उसे घायल कर दिया। जेठानी रेखा ने मौके पर पहुंचकर बीच-बचाव किया।वहीं दूसरे पक्ष की फरियादी ममता पति सुभाष सोलंकी की शिकायत पर पुलिस ने पति सुभाष सोलंकी, दूसरी पत्नी रचना, भागीरथ, सुरेश, रेखाबाई, संदीप उर्फ पीयूष और संगीता परमार के खिलाफ मामला दर्ज किया है। ममता का आरोप है कि 4 दिन पहले उसके पति सुभाष ने विवाद सुलझाने के लिए उसे पिवड़ाय घर बुलाया था। जब वह अपनी बेटी के साथ वहां पहुंची, तो रचना और अन्य आरोपियों ने उन्हें घर से जाने को कहा और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद आरोपियों ने उन्हें घर के अंदर खींचकर हमला कर दिया, जिससे ममता के चेहरे, गर्दन, सिर, पीठ और पेट में गंभीर चोटें आईं और बीच-बचाव में उसकी बेटी भी घायल हो गई।



## पुराने कपड़ों का सोशल मीडिया पर चमकदार व्यापार दुकानदार परेशान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सोशल मीडिया पर कपड़ों का कारोबार तेजी से फैल रहा है। ई-कामर्स के अलावा इस्ट्राग्राम, फेसबुक जैसे प्लेटफार्म पर विदेशों से आने वाले पुराने कपड़े चमक, फोटो शूट के साथ बेचे जा रहे है। इंदौर रिटेल गारमेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अक्षय जैन ने बताया कि दुकानदार टैक्स चुकाकर कारोबार कर रहे है, ऐसे में पुराने कपड़ों के कारोबार पर सरकार की स्पष्ट नीति नहीं है। उन्होने बताया कि कपड़े का माल देश के बड़े व्यापार केन्द्रों तक पहुंचता है। पानीपत, कोलकाता, जयपुर और दिल्ली जैसे शहरों से यह माल आगे छोटे-बड़े कारोबारियों तक पहुंचने की बात कही जा रही है। इसके बाद सोशल मीडिया के जरिए ग्राहकों को सीधे बेचा जा रहा है। जैन ने इसे व्यापार जगत के भरोसे पर चोट बताया है। उन्होने आरोप लगाया है कि सोशल मीडिया पर हो रहे व्यापार में बिल, कर या एक्सचेंज जैसी व्यवस्था का पालन नहीं हो रहा है। यह दुकानदारों की परेशानी है।

## 12वीं के छात्र ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**इंदौर।** एरोड्रम थाना क्षेत्र के छोटा बांगड़दा स्थित सुविधि नगर में 12वीं कक्षा के छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फिलहाल खुदकुशी के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान यशपाल (17) निवासी जिला विदिशा के रूप में हुई है। यशपाल सुविधि नगर में अपनी बहन और जीजा के साथ रहकर एक निजी स्कूल से पढ़ाई कर रहा था। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस मृतक के मोबाइल की जांच कर रही है ताकि आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा सके।

## आयुक्त के समक्ष कराई रोड टेस्टिंग

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा जोन क्रमांक 7 वार्ड क्रमांक 29 के अंतर्गत स्कीम नंबर 74 में 45 लाख की लागत से निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण करने के दौरान कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से समक्ष में मोबाइल टेस्टिंग लैब के माध्यम से एनडीटी एवं कोरकटिंग टेस्ट कराया गया, कोर सैंपल परीक्षण हेतु लैब भेजें गए है। सिंघल द्वारा निगम में कराए जा रहे रोड निर्माण कार्यो में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये गए। अभय राजनगांवकर, अधिकारी पीएस कुशवाह, सुनील जादौन मौजूद थे।



## भाजपा के सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की बैठक

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। भाजपा इंदौर सोशल मीडिया विंग की सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स और कंटेंट क्रिएटर्स के साथ बैठक प्रदेश के सुयश त्यागी, योगेन्द्र जैन, संयम जैन, अंकित परमार, मन्नी भाटिया, प्रियंका चौहान, आयुष शर्मा के साथ आयोजित की गई। 2047 के लक्ष्य को लेकर चर्चा की गई।**

# निगम आयुक्त और उद्योगपतियों के बीच बैठक

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज मध्यप्रदेश के सभागृह में निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, अधिकारी अभय राजनगांवकर, आशीष पाठक, मनोज पाठक की उपस्थिति में औद्योगिक समस्याओं के समाधान हेतु उद्योगपतियों के साथ विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों सांवेर रोड, पालदा, किला मैदान, लसूडिया आदि की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई।




इस बैठक में एसोसिएशन के कार्यकारिणी सदस्यों, उद्योगपतियों, उद्योग प्रतिनिधियों एवं नगर निगम के अधिकारियों ने भाग लिया। अध्यक्ष योगेश मेहता ने औद्योगिक क्षेत्रों में व्याप्त विभिन्न समस्याओं से आयुक्त को अवगत कराया, जिनमें मुख्य रूप से सड़क एवं ड्रेनेज व्यवस्था, सड़कों की खुदाई करने व पुनः मरम्मत न करने, रेल्वे ओव्हर ब्रिज के डिजाइन में सुधार करने, ईटीपी की लाइनों का व्यास बढाने व नवीन लाइनों की व्यवस्था करने, जलभराव की समस्या से निपटने के लिए पक्के नालों का निर्माण करने, साफ सफाई एवं कचरा प्रबंधन व गाडियों के औद्योगिक क्षेत्रो मे नही आने व कचरे के नियमित उठान और निस्तारण की समुचित व्यवस्था न होने, अतिक्रमण की गंभीर समस्या व कन्वेंशन सेंटर के आसपास बहुतायत में हुए अतिक्रमण से इसके अनुपयोगी होने, स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था न होने, जल आपूर्ति एवं संपति कर एवं अनुमतियों से सम्बन्ध्द व जुड़ी विसंगतियों का सरलीकरण करने, फायर सेफ्टी नार्मस् के सरलीकृत करने, औद्योगिक क्षेत्रों में एसोसिएशन द्वारा हरियाली विकास किये स्थानों को उजाड होने व वहां निगम गाडियों के अतिक्रमण होने सहित कई मुद्दे बताए।

# सौदे के 31 लाख रु. मय ब्याज लौटाने के आदेश

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सिविल कोर्ट ने एक अहम निर्णय में यह व्यवस्था दी है कि भागपुर जिला-इंदौर निवासी कृषक भूमि के क्रेता को बयाने की राशि रूपयें 31 लाख रुपयें 4 साल के 9 प्रतिशत ब्याज सहित वापस अदा करें। प्रकरण में कपिल कालरा संयुक्त हिन्दू परिवार इंदौर के अधिवक्ता के.पी. माहेश्वरी के अनुसार भागपुरा जिला-इंदौर निवासी-कमल कुलमी पिता मदनलाल ने उसकी मालिकी की भूमि बताते हुए बैंक ऑफ इंडिया शाखा साकेत नगर सहित कुल-31 लाख रुपयें का बयाना फरवरी 2023 में प्राप्त करते हुए 1,01,00,000/-रूपयें प्राप्त कर रजिस्ट्री कराने का वचन खरीददार को दिया था।

भूमि के सीमांकन के समय क्रेता को ज्ञात हुआ कि विक्रेता ने जो भूमि बताई थी, उसके बजाय दूसरी जमींन का सीमांकन करवा रहा है और क्रेता को बेची गई भूमि पर दूसरे लोगों का कब्जा है, जिसे छुपाया गया था। न्यायालय की सूचना पर विक्रेता कृषक ने आकर तर्क दिया कि वह वादी के पक्ष में रजिस्ट्री करवाने हेतु सदैव तत्पर व तैयार रहा है, किन्तु वादी ने झूठा दावा लगाया है। सिविल जज के समक्ष चले विचारण में न्यायालय ने पाया कि वास्तव में क्रेता से विक्रेता ने 31 लाख रूपयें बयाना लिया, जिसके बैंक स्टेटमेन्ट पेश किये है। क्रेता ने न्यायालय में मौखिक गवाही व साक्ष्य पेश की जिसका प्रतिवादी ने कोई खण्डन नहीं किया है। जिससे सिद्ध हुआ है कि प्रतिवादी द्वारा दिनांक-01/10/2022 को 1 क्रोड 32 लाख रुपयें में भूमि बेचने का सौदा कर उसके बयाने पेटे 31 लाख रूपयें की राशि भी प्राप्त की है, जबकि मौका पंचनामा अनुसार सीमांकन, खसरे में बेची गई भूमि पर वैशाली गुप्ता की गेहूँ की फसल पायी गयी और दूसरे खसरे पर चंदरसिंह का कब्जा था, जबकि अनुबंध में बेची पड़त भूमियां अन्य लोगों के कब्जे की बात को विक्रेता ने छुपाया है यानी कृषक ने अनुबंध शर्तों का उल्लंघन किया है और खरीददार के कानूनी सूचना पत्र के बाद भी उसका भुगतान लौटाया नहीं। खरीददार की किसी भी साक्ष्य का विक्रेता कृषक ने कोई खण्डन नहीं किया। भारतीय न्याय संहिता अधिनियम में प्रावधान है कि जब कोई व्यक्ति संहिता भंग करता है, तो उसे अनुबंध की प्राप्त राशि नुकसानी सहित वापस देना होगी। किन्तु हर्जाना युक्ति-युक्त होना चाहिए, इसलिये सिविल जज सुश्री विधि डांगलिया ने फैसला दिया कि प्रतिवादी कृषक कमल कुलमी निवासी भागपुर तहसील महू जिला इंदौर वादी क्रेता कपिल कालरा निवासी इंदौर को मूल 31 लाख रुपयें सहित 09 प्रतिशत ब्याज व खर्चा जोड़कर कुल-40,00,000/- रुपयें एक माह में एकमुश्त अदा करे। त्रुटि की दशा में फैसले के बाद अदायगी तक 06 प्रतिशत वार्षिक ब्याज और अदा करते हुये दावे का 2,00,000/- रुपयें खर्चा भी अदा करने का फैसला देते हुए न्यायालय द्वारा कमल कुलमी के खिलाफ डिक्री पारित की गई। प्रकरण में वादी/क्रेता कमल कालरा की ओर से अधिवक्ता के.पी. माहेश्वरी, प्रतीक माहेश्वरी, पवन तिवारी, अमृता सोनकर, पुनीत माहेश्वरी, सुनिल यादव, हरिओम परमार, अर्जुन प्रजापति, महक मिरानी द्वारा पैरवी की गई। उक्त जानकारी के.पी. माहेश्वरी अधिवक्ता ने दी।



## सिंघल ने लापरवाह अधिकारी को किया निलम्बित

### जलप्रदाय प्रभारी उपयंत्री की सेवा समाप्त

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा जोन क्रमांक 9 निरीक्षण के दौरान विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की कार्यप्रणाली को चेक किया। साथ ही शासन योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को मिले इस हेतु हितग्राहियों के आवेदन पर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। राजस्व विभाग के निरीक्षण के दौरान प्रकरणों के निराकरण समय सीमा में करने के निर्देश दिए। आयुक्त द्वारा झोन कं. 9 बम्बई की चाल, न्यू देवास रोड में निवासरत रहवासियों कि घरेलु पेयजल कनेक्शन से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने संबंधी शिकायत संज्ञान में आने पर मौका स्थल का निरीक्षण किया गया। आयुक्त द्वारा मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान अंतर्गत झोन स्तर पर प्राप्त जलप्रदाय की शिकायत के संदर्भ में संबंधित सहायक यंत्री द्वारा त्वरित निराकरण नहीं करने पर झोन क्षेत्रान्तर्गत कार्यरत शिवराज यादव (मूलपद-उपयंत्री) प्र. सहायक यंत्री, जलप्रदाय को आवंटित कार्य के प्रति लापरवाही बरतने एवं झोन स्तर पर जलप्रदाय संबंधी प्राप्त शिकायतों के निराकरण नहीं करने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाकर विभागीय जांच संस्थित की गई। इसके साथ ही वार्ड क्रमांक 47 के प्रभारी उपयंत्री लालाराम मेहरा की सेवा समाप्त करते हुए हाजिरी मुक्त किया गया।

## इंदौर के सोनी भारतीय पैरा टीमों के दल प्रमुख एवं जयेश मुख्य प्रशिक्षक नियुक्त

### विश्व पैरा फ्यूचर अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस स्पर्धा फिनलेंड में





**इंदौर।** फिनलेंड के लाह्टी में 28 से 30 अगस्त तक खेली जाने वाली आई.टी.टी.एफ. विश्व पैरा फ्यूचर टेबल टेनिस चेम्पियनशिप 2026 में भारतीय पैरा टेबल टेनिस खिलाडियो का 28 सदस्यीय दल शरीक होगा। स्पर्धा में भारतीय टेबल टेनिस महासंघ द्वारा मध्य प्रदेश के ओम सोनी दल प्रमुख तथा जयेश आचार्य मुख्य प्रशिक्षक नियुक्त किया है। भारतीय दल 26 अगस्त को दिल्ली से हेलसिंकी रवाना होगा।

उक्त जानकारी देते हुए पेरा टेबल टेनिस प्रमोशन एसोसिएशन के महासचिव प्रमोद गंगराडे ने बताया कि टीम में वर्तमान में विश्व की तृतीय वरियता क्रम की खिलाडी ओलिंपियन सोनल पटेल तथा एशियन चेम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता जे.डी. मदान के साथ ही देश के विश्व वरीयता क्रम के अन्य खिलाडी शरीक होगें।

ज्ञातव्य है कि ओम सोनी तथा जयेश आचार्य पूर्व में भी अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन कर चुके है। रिंकु आचार्य सहयोगी प्रशिक्षक के रुप में तथा फिजोयोथेरेपिस्ट पवन कारपेंटर शामिल होगें। सोनी व जयेश की उपलब्धि एवं रिंकु के मनोनयन पर नरेन्द्र कौशिक, प्रमोद सोनी, प्रमोद गंगराड़े, अमित कोटिया, नीलेश वेद, नरेन्द्र शर्मा, गौरव पटेल तथा प्रतीक जैन ने हर्ष व्यक्त करते हुये शुभकामनायें प्रेषित की हैं।

## विद्यार्थियों का योग में प्रदर्शन, जीते पदक




**इंदौर।** इंदौर कार्पोरेशन योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित इंदौर जिला इंटर स्कूल योग स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में मेड़तवाल पब्लिक स्कूल ने टीम इवेंट के 5 आयु वर्ग में प्रथम व 1 आयु वर्ग में द्वितीय स्थान एवं व्यक्तिगत इवेंट में 1 स्वर्ण प्राप्त कर ओवरऑल चैंपियनशिप पर कब्जा जमाया।

विजेता टीमों को महंत हरिशंकर दासजी स्वामी, ईश्वर सिंह चौहान, नवीन गौड़, विजय कौशल, अतुल दुबे ने पुरस्कृत किया। अतिथियों का स्वागत तान्या चौहान, लक्ष्यजीत सिंह, प्रदीप तिवारी, जतिन शर्मा, विशाल परमार आदि ने किया। कार्यक्रम का संचालन विक्रम अवॉर्डी रोहित बाजपई व आभार प्रदर्शन उषा गुप्ता ने किया। चैंपियनशिप के परिणाम इस प्रकार है:

**टीम इवेंट - बालिका वर्ग** - आयु वर्ग 8 वर्ष - वैष्णव कन्या विद्यालय प्रथम, सराफा विद्या निकेतन द्वितीय, कसेरा बाजार विद्या मंदिर तृतीय। आयु वर्ग 10 वर्ष - दिल्ली पब्लिक स्कूल राऊ प्रथम, वैष्णव कन्या विद्यालय द्वितीय, रविशंकर विद्या मंदिर तृतीय। आयु वर्ग 12 वर्ष - वैष्णव कन्या विद्यालय प्रथम, मेड़तवाल पब्लिक स्कूल द्वितीय, दिल्ली पब्लिक स्कूल तृतीय। आयु वर्ग 14 वर्ष - मेड़तवाल पब्लिक स्कूल प्रथम, रविशंकर विद्या मंदिर द्वितीय, विद्या विजय बाल मंदिर तृतीय। आयु वर्ग 16 वर्ष - मेड़तवाल पब्लिक स्कूल प्रथम, कसेरा बाजार विद्या मंदिर द्वितीय, विजयलक्ष्मी एकेडमी स्कूल तृतीय।

**बालक वर्ग -** आयु वर्ग 8 वर्ष - रविशंकर विद्या मंदिर प्रथम, कसेरा बाजार विद्या मंदिर द्वितीय, विजयलक्ष्मी एकेडमी तृतीय। आयु वर्ग 10 वर्ष - मेड़तवाल पब्लिक स्कूल प्रथम, रवि शंकर विद्या मंदिर द्वितीय, विजयलक्ष्मी एकेडमी तृतीय। आयु वर्ग 12 वर्ष - मेड़तवाल पब्लिक स्कूल प्रथम, सराफा विद्या निकेतन द्वितीय, रविशंकर विद्या मंदिर तृतीय। आयु वर्ग 14 वर्ष - सराफा विद्या निकेतन प्रथम, सेंट नॉर्बर्ट स्कूल द्वितीय, एमकेवीवी तृतीय। आयु वर्ग 16 वर्ष- मेड़तवाल पब्लिक स्कूल प्रथम, कसेरा बाजार विद्या मंदिर द्वितीय, विजयलक्ष्मी एकेडमी तृतीय।

## ताइक्वांडो प्रतियोगिता का शुभारंभ

**इंदौर।** राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का शुभारंभ आज शुक्रवार को हुआ। इसमें मध्य प्रदेश के बालक बालिकाएं खिलाड़ी भाग ले रहे है। यह प्रतियोगिता भारत स्काउट हॉल जेल रोड इंदौर खेली जा रही है। प्रतियोगिता का शुभारंभ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक तीन के विधायक गोलू शुक्ला, भूपेंद्र अडसुइया, विश्वामित्र अवॉर्डी वीरेंद्र पवार एवं मिथिलेश



कमेरे के आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर अमित परिहार, हिमांशी यादव, रितिक यादव, मेहक शर्मा, माया कुशवाह, सोनाली मिश्रा, कनक मकवाना भी उपस्थित थे। प्रतियोगिता में प्रदेश भर के ताइक्वांडो खिलाड़ी शिरकत कर रहे है। पहले दिन से ही जोरदार मुकाबले देखने को मिले।

**नाम परिवर्तन के संबंध में जाहिर सूचना**

मैं प्रमोद सोनी पिता श्री हुकुमचंद सोनी निवासी-21 एवं 22, एच आई जी, विजयनगर, इंदौर (म.प्र.) 452010 होकर सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरा पूर्व नाम **'प्रमोद कुमार सोनी'** होकर मेरे सभी शासकीय अशासकीय दस्तावेजों में अंकित है। मेरे द्वारा मेरा नाम परिवर्तन कर **'प्रमोद सोनी'** कर लिया है, अब भविष्य में मुझे **'प्रमोद सोनी'** के नाम से ही जाना जावे एवं समस्त शासकीय व अशासकीय अभिलेखों में भी **'प्रमोद सोनी'** दर्ज किया जावे।

| नया नाम | पुराना नाम |
|---|---|
| ('प्रमोद सोनी') | ('प्रमोद कुमार सोनी') |

पता-21 एवं 22, एच आई जी, विजयनगर, इंदौर (म.प्र.)
मोबाईल नंबर 92019 90335

# फीफा फाइनल में हुई हाथापाई पर सवा माह बाद एक्शन

## चार खिलाड़ियों को मिली सजा



**नई दिल्ली।** स्पेन ने पिछले महीने हुए फीफा वर्ल्ड कप 2026 का फाइनल मुकाबला अपने नाम किया था। खिताबी मुकाबले में टीम की भिड़ंत अर्जेंटीना से थी। फाइनल खत्म होने की सीटी बजते ही मैदान पर अर्जेंटीना और स्पेन के खिलाड़ियों के बीच विवाद हो गया था। अर्जेंटीना के मिडफील्डर लिएंड्रो परेडेस और स्पेन के कई खिलाड़ियों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। सबसे पहले उनकी बहस स्पेन के डिफेंडर एरिक गार्सिया से हुई। परेडेस ने गार्सिया को लात मार दी, जिससे वह मैदान पर गिर गए।

इसके बाद दोनों खिलाड़ियों के बीच धक्का-मुक्की होने लगी और परेडेस ने गार्सिया की गर्दन भी पकड़ ली। स्थिति को संभालने के लिए दोनों टीमों के खिलाड़ी और सपोर्ट स्टाफ मैदान पर पहुंच गए। इसी दौरान स्पेन के मिडफील्डर गावी ने भी बीच-बचाव की कोशिश की, लेकिन परेडेस उनसे भी उलझ पड़े। परेडेस ने गावी को भी धक्का देकर गिरा दिया। इस विवाद में अर्जेंटीना के कई खिलाड़ियों के साथ ही सपोर्ट स्टाफ का सदस्य भी शामिल था।

**फीफा ने अपना फैसला सुनाया-** विश्व कप फाइनल के बाद हुई इस विवाद पर फीफा ने फैसला सुना दिया है। अर्जेंटीना के लिएंड्रो परेडेस पर 10 मैचों का बैन लगा दिया गया है। इसमें सिर्फ इंटरनेशनल मैच शामिल होंगे। परेडेस पर लगा बैन असल में अर्जेंटीना की टीम से एक साल के लिए बाहर किए जाने जैसा है। जून 2027 तक टीम को 10 मैच खेलने हैं, हालांकि अभी के शेड्यूल के हिसाब से सभी मैच फ्रेंडली होंगे।

वहीं अर्जेंटीना के डिफेंडर नहुएल मोलिना पर सात मैचों का बैन लगाया गया, जबकि थियागो अल्माडा को एक मैच के लिए सस्पेंड किया गया। फीफा ने परेडेस और मोलिना पर ₹70,000 और अल्माडा पर ₹30,000 का जुर्माना लगाया। स्पेन के गावी पर भी एक मैच का बैन लगाया गया है। वह 26 सितंबर को वेम्बली में इंग्लैंड के खिलाफ नेशंस लीग का मैच नहीं खेल पाएंगे। अर्जेंटीना के कोच रॉबर्टो अयाला पर भी तीन मैचों का बैन और ₹30,000 का जुर्माना लगाया गया है।

# रूमेश से 9 सेमी पीछे रह गए नीरज, रजत से करना पड़ा संतोष




**नई दिल्ली।** भारतीय स्टार जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा का लुसाने डायमंड लीग 2026 में जलवा देखने को मिला। नीरज ने इस सीजन का अपना बेस्ट थ्रो किया, लेकिन इसके बावजूद वह दूसरे स्थान पर रहे। श्रीलंका के रुमेश थरंगा 88.14 मीटर के थ्रो के साथ पहले नंबर पर रहे। यह उनकी किसी भी इवेंट में लगातार पांचवीं जीत है। इससे पहले कॉमनवेल्थ गेम्स का गोल्ड मेडल अपने नाम किया था। वहीं, ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स (86.69 मीटर) तीसरे स्थान पर रहे।

नीरज चोपड़ा के लिए मुकाबले की शुरुआत कुछ खास नहीं रही और वह अपने पहले प्रयास में 83.54 का ही थ्रो कर सके। वहीं, श्रीलंका के रुमेश थरंगा पथिरागे पहले प्रयास में ही जैवलिन को 85.99 मीटर दूर फेंकते हुए पहले नंबर पर पहुंच गए। हालांकि, दूसरे प्रयास में नीरज ने जबरदस्त वापसी की और 88.05 मीटर का थ्रो के साथ पहला स्थान हासिल कर लिया। यह इस सीजन का उनका सबसे बेस्ट थ्रो भी रहा। वहीं, रुमेश दूसरे प्रयास में 87.06 मीटर का थ्रो ही कर सके।

भारतीय एथलीट का तीसरा प्रयास उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा और उन्होंने 83.72 मीटर का थ्रो किया। हालांकि, श्रीलंकाई खिलाड़ी रुमेश ने तीसरे प्रयास में 88.14 मीटर के थ्रो के साथ ही एक बार फिर पहला स्थान हासिल कर लिया। नीरज अपने चौथे प्रयास में फाउल कर बैठे, जबकि रुमेश का थ्रो भी ज्यादा दूरी तय नहीं कर सका। नीरज ने अपने पांचवें प्रयास में थ्रो नहीं किया, जबकि छठे प्रयास में वह 82.15 मीटर का ही थ्रो कर सके। वहीं, रुमेश अपने पांचवें और छठे प्रयास में फाउल कर बैठे। हालांकि, रुमेश का तीसरा थ्रो उनके लिए निर्णायक साबित हुआ।

## हैंडबॉल संघ की साधारण सभा कल

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के तत्वावधान में मध्यप्रदेश हैंडबॉल संघ की वार्षिक साधारण सभा 23 अगस्त को दोपहर 1 बजे स्थानीय दत्त गुरु कृपा बैंक्वेट हॉल, साउथ तुकोगंज, इंदौर में आयोजित की जाएगी। वार्षिक साधारण सभा में मध्यप्रदेश हैंडबॉल संघ से मान्यता प्राप्त 40 जिलों के जिला अध्यक्ष, सचिव एवं अधिकृत प्रतिनिधि भाग लेंगे। साथ ही वर्ष 2026-30 के लिए मध्यप्रदेश हैंडबॉल संघ के पदाधिकारियों की घोषणा भी की जाएगी। हाईकोर्ट एडवोकेट आकाश शर्मा को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है जो राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम 2025 के नियमानुसार चुनावी प्रक्रिया संपन्न करेंगे। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया ने साधारण सभा के लिए पर्यवेक्षक के रूप में गुजरात हैंडबॉल संघ के सचिव प्रवीण कुमार सिंह को नियुक्त किया है। यह जानकारी मध्यप्रदेश हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष दीपक जैन टीनू, महासचिव डॉ. हरदीप सिंह रुप्पल ने दी।

## विश्व पिकलबॉल चैंपियनशिप में मोहित अग्रवाल प्रतिनिधित्व करेंगे



**इंदौर सिटी ब्लास्ट।** वर्ल्ड पिकलबॉल चैंपियनशिप मलेशिया के कुआलालंपुर में 27 से 31 अगस्त तक होगी। प्रदेश के मोहित अग्रवाल टीम में रहकर प्रतिनिधित्व करेंगे। उक्त जानकारी बलवंत सालुंके ने दी।

# स्टार्क के पंजे में बांग्लादेश 9 विकेट खोए




**मकाय (ऑस्ट्रेलिया)।** ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश के बीच 2026 के दूसरे टेस्ट की शुरुआत मिचेल स्टार्क के लिए किसी गोल्डन सपने से कम नहीं रही। नई गेंद हाथ में आते ही स्टार्क ने बांग्लादेशी बल्लेबाजी क्रम को तहस-नहस कर दिया। केवल 6.4 ओवर में उन्होंने 5 विकेट झटक लिए और बांग्लादेश को शुरुआती ओवरों में ही गहरे संकट में धकेल दिया। तब तक बांग्लादेश के सिर्फ 12 रन ही बने थे। यही नहीं, उन्होंने साउथ अफ्रीका के महान तेज गेंदबाज डेल स्टेन का एक रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। वह अब टेस्ट क्रिकेट में विकेटों के मामले में स्टेन से आगे निकल गए हैं। स्टेन के नाम 439 विकेट थे। समाचार लिखे जाने तक बांग्लादेश ने 43 रन पर ही 9 विकेट खो दिए थे। स्टार्क के अलावा पेट कमिंस ने 3 और हेजलवुड ने 1 विकेट झटका । बांग्लादेश के चार बल्लेबाज तो खाता भी नहीं खोल पाए ।

टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत बेहद खराब रही। शुरुआती 5 विकेट मिचेल स्टार्क ने झटके, वह भी सिर्फ 22 गेंदों में। पारी की पहली ही गेंद पर स्टार्क ने शादमान इस्लाम को आउट करके अपने इरादे स्पष्ट कर दिए। गेंद फुल थी और स्टंप्स की ओर आती हुई आखिरी क्षण में बाहर निकली। शादमान ने उसे ऑन-साइड में खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद ने मोटा लीडिंग एज लिया और कैमरन ग्रीन ने गली में आसान कैच पूरा किया। स्टार्क के लिए टेस्ट क्रिकेट में यह चौथी बार था जब उन्होंने पारी की पहली ही गेंद पर विकेट हासिल किया।

इसके बाद मुमिनुल हक ने कुछ देर संभलने की कोशिश की और स्टार्क की गेंद पर एक चौका भी लगाया। लेकिन 2.1 ओवर में स्टार्क ने तंजिद हसन तमिम को भी चलता कर दिया। बाहर जाती हुई गेंद पर तंजिद ने हल्का सा बल्ला लगाया और तीसरी स्लिप में वेबस्टर ने कैच पकड़ लिया। शुरुआत में यह जांच की गई कि गेंद जमीन से तो नहीं लगी थी, लेकिन रिप्ले ने फैसला साफ कर दिया। अगली ही गेंद पर स्टार्क ने कप्तान नजमुल हुसैन शांतो को एलबीडब्ल्यू कर दिया। गेंद फुल थी। अंदर की ओर आई और पैड से जा टकराई। रिव्यू के बाद भी फैसला बरकरार रहा। लगातार दो गेंदों पर दो विकेट लेकर स्टार्क हैट्रिक के बेहद करीब पहुंच गए।

रहीम ने इसके बाद शानदार धैर्य दिखाया और लगातार स्टार्क की गेंदों को छोड़ते रहे। दूसरी ओर मुमिनुल ने एक-दो अच्छे शॉट खेले, लेकिन 4.5 ओवर में स्टार्क ने उन्हें भी गली में कैमरन ग्रीन के हाथों कैच करा दिया। गेंद बाहर की ओर स्विंग हुई और मुमिनुल के बल्ले का मोटा किनारा लग गया। इसके बाद स्टार्क का सबसे शानदार विकेट आया।

## अन्वेषा और अविका को स्वर्णिम सफलता

**इंदौर।** अन्वेषा छजलानी और अविका पंवार ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया आइपीएससी बालिका शतरंज स्पर्धा में स्वर्णिम सफलता हासिल की। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में देशभर से खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। स्पर्धा अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग में खेली गई। स्पर्धा का पुरस्कार वितरण स्कूल की निदेशक हर्षिता सिंह के आतिथ्य में हुआ। इस दौरान खेल अधिकारी अकरम खान सहित देशभर से आए खिलाड़ी और अधिकारी उपस्थित थे। बालिका अंडर-14 वर्ग में मेजबान एमरल्ड हाइट्स स्कूल की अन्वेषा छजलानी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप अपने नाम की। अन्वेषा ने सभी छह मुकाबलों में जीत दर्ज करते हुए 100 प्रतिशत प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक जीता। दिल्ली के मॉर्डन स्कूल की आद्या गुप्ता चार अंकों के साथ दूसरे और हैदराबाद पब्लिक स्कूल की तंद्रा सितारा राव चार अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। बालिका अंडर-17 वर्ग में दिल्ली के मॉर्डन स्कूल की आशा खंडेलवाल ने अपने सभी छह मुकाबले जीतकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। हैदराबाद पब्लिक स्कूल की लौक्या साधिका चेवरू ने पांच अंकों के साथ दूसरा और दिल्ली के मॉर्डन स्कूल की चाहत कोहली ने भी पांच अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

# दूसरा टेस्ट कल से, एक परिवर्तन के साथ उतर सकती है टीम इंडिया

**नई दिल्ली।** गॉल में खेले गए पहले टेस्ट मुकाबले में श्रीलंका को 165 रनों से पटखनी देने के बाद भारतीय टीम आत्मविश्वास से लबरेज है । वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल की रेस में अपनी स्थिति मजबूत करने के इरादे से कप्तान शुभमन गिल और हेड कोच गौतम गंभीर दूसरे मुकाबले में भी जीत का सिलसिला बरकरार रखना चाहेंगे। हालांकि पहला मैच एकतरफा अंदाज में जीतने के बावजूद टीम मैनेजमेंट में एक बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है।

गेंदबाजी विभाग में कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव का पत्ता कटता दिख रहा है। पहले टेस्ट में जहां मानव सुथार ने 10 विकेट झटककर मैच जिताऊ प्रदर्शन किया और रविंद्र जडेजा ने भी लंबी गेंदबाजी की वहीं कुलदीप को कप्तान ने महज 25 ओवर ही थमाए। ऐसा माना जा रहा है कि टीम मैनेजमेंट का भरोसा उन पर थोड़ा कम हुआ है। उनकी जगह मध्य प्रदेश के 33 वर्षीय ऑलराउंडर सारांश जैन को टेस्ट डेब्यू करने का मौका मिल सकता है जो दाएं हाथ के बल्लेबाजों के लिए ऑफ स्पिन विकल्प देते हैं। बल्लेबाजी क्रम की बात करें तो मिडिल ऑर्डर में कोई छेड़छाड़ होने की संभावना बेहद कम है। विकेटकीपर-बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने पहली पारी में शानदार अर्धशतक जमाकर प्लेइंग-11 में अपनी जगह मजबूत कर ली है। इसके चलते सरफराज खान को फिलहाल अपनी बारी का इंतजार ही करना पड़ेगा। वहीं टॉप ऑर्डर में यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, देवदत्त पडिक्कल और खुद कप्तान शुभमन गिल की मौजूदगी टीम को एक ठोस आधार प्रदान कर रही है।

तेज गेंदबाजी आक्रमण में प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज की जोड़ी को ही बरकरार रखे जाने की उम्मीद है। हालांकि गुरनूर ब्रार को शामिल करने की चर्चा जरूर है लेकिन गाले की परिस्थितियों में दोनों मुख्य तेज गेंदबाजों के संतुलित प्रदर्शन को देखते हुए कोई गैर-जरूरी जोखिम उठाने से बचा जाएगा।

# बस दिखाने के बहाने ऑफिस बुलाकर व्यापारी और भतीजे को बनाया बंधक

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

परदेशीपुरा थाना क्षेत्र के कलश चौराहे पर एक आरोपी ने बस दिखाने के बहाने फरियादी को अपने ऑफिस बुलाया और दरवाजा बंद कर उसके व भतीजे के साथ मारपीट की। आरोपी ने पुरानी उधारी का हवाला देकर डेढ़ लाख रुपये न देने पर भतीजे को झूठे केस में फंसाने और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**जमकर मारपीट, डेढ़ लाख रुपये के लिए भतीजे को झूठे केस में फंसाने की दी धमकी**

पुलिस के अनुसार, ग्राम पिपलदा कम्पेल, खुडैल निवासी फरियादी अशोक पिता कन्हैयालाल पटेल ने परदेशीपुरा थाने में शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी ने बताया कि 20 अगस्त को दोपहर करीब 2 बजे आरोपी चीकू यादव उर्फ नेता ने उन्हें फोन कर बस दिखाने की बात कही और कलश चौराहा परदेशीपुरा स्थित अपने ऑफिस में बुलाया। जब फरियादी अपने भतीजे करण पटेल के साथ बताए गए ऑफिस पहुंचे, तो आरोपी चीकू यादव ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। इसके बाद आरोपियों ने दोनों के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरोपी चीकू ने धमकी दी कि यदि दो घंटे के भीतर उसकी दी हुई 1,50,000 रुपये की उधारी राशि नहीं लौटाई, तो वह भतीजे करण को झूठे केस में फंसा देगा। आरोपियों ने अगले दिन तक पैसे न देने पर जान से खत्म करने की भी धमकी दी। परदेशीपुरा थाना पुलिस ने फरियादी अशोक पटेल की रिपोर्ट पर चीकू यादव और उसके साथियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बदमाशों का उत्पात... दो युवकों को मारा चाकू

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

एमआईजी थाना क्षेत्र के पाटनीपुरा एलआईजी मेन रोड स्थित साईं द्वार गेट के पास देर रात अज्ञात बदमाशों द्वारा दो युवकों पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। अकारण गाली-गलौज और विवाद करते हुए बदमाशों ने दो युवकों को पेट और सीने में चाकू मार दिया और मौके से फरार हो गए। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, मालवीय नगर निवासी फरियादी योगेश पिता पूनमचंद मोहने ने एमआईजी थाने में शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी ने बताया कि देर रात साईं द्वार गेट के पास एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर तीन अज्ञात व्यक्ति आए। बाइक चलाने वाला युवक पीछे बैठे अपने दो साथियों को वहां उतारकर गाड़ी लेकर चला गया। इसके बाद वे दोनों अज्ञात युवक फरियादी और उनके दोस्तों के पास आए और बेवजह पूछने लगे कि तुम लोग यहां क्या कर रहे हो, जब वहां मौजूद विष्णु नंदी ने कहा कि 'तुम लोग जाओ, तुम्हें हमसे क्या मतलब है', तो आरोपी भड़क गए और गालियां देते हुए थप्पड़-मुक्कों से मारपीट करने लगे। इसी दौरान एक आरोपी ने अपनी जेब से चाकू निकाला और विष्णु नंदी व उनके साथी अविनाश उर्फ अज्जू साल्वी पर जानलेवा हमला कर दिया। चाकू के वार से विष्णु नंदी के सीने के पास और अविनाश के पेट में गंभीर चोट आई है। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी जाते-जाते आज के बाद इधर दिखे तो जान से खत्म कर देंगे की धमकी देते हुए भाग निकले। एमआईजी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अज्ञात हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है।

# शराब पिलाने से मना करने पर युवक से मारपीट

**इंदौर।** एरोड्रम थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा शराब पिलाने से मना करने पर आरोपी ने बेरहमी से मारपीट कर पीड़ित को लहूलुहान कर दिया,जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

**सिर फोड़ा और दी जान से मारने की धमकी, आरोपी पर केस दर्ज**

पुलिस के अनुसार, रुकमणी नगर निवासी फरियादी रूपसिंह पिता बच्चीलाल बघेल ने एरोड्रम थाने में शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि वे छोटा बांगड़दा स्थित शराब दुकान के पास थे, तभी निक्की यादव निवासी हम्माल कॉलोनी वहां आया और उनसे शराब पिलाने की मांग करने लगा। जब रूपसिंह ने शराब पिलाने से साफ इनकार कर दिया, तो आरोपी भड़क गया और गाली-गलौज करने लगा। जब फरियादी ने गालियां देने से मना किया, तो आरोपी निक्की ने उन पर हाथ-मुक्कों से हमला कर दिया। इस दौरान रूपसिंह जमीन पर गिर गए, जिससे उनके सिर के पिछले हिस्से में गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। घटना के बाद आरोपी जाते-जाते पीड़ित को जान से खत्म करने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया।

# जिंसी रोड पर निर्माण के दौरान ठेकेदार का डंपर पलटा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** इंदौर नगर निगम के द्वारा जिंसी क्षेत्र में किए जा रहे रोड निर्माण के दौरान ठेकेदार का डंपर पलट गया। निगम के अधिकारियों ने बताया कि शंकरगंज महारानी लक्ष्मीबाई प्रतिमा से जिंसी चौराहे के बीच बन रही सड़क निर्माण के दौरान कंपनी का डंपर पलटा है। कल शाम को हुई इस घटना के बाद क्षेत्र में क़ौतूहल हो गया। बड़ी संख्या में लोग इस पलटे हुए डंपर के आसपास आकर खड़े हो गए। ठेकेदार एजेंसी के द्वारा बताया गया कि अब इस डंपर को क्रेन बुलवाकर उसके माध्यम से उठाया जाएगा।



## होटल की दीवार की आड़ में चल रहा था जुए का खेल, पुलिस ने 5 जुआरियों को दबोचा

**इंदौर।** सांवेर थाना क्षेत्र में पुलिस ने दबिश देकर होटल की दीवार की आड़ में जुआ खेल रहे 5 आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से ताश के पत्ते और नकद राशि जब्त कर जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि होटल की दीवार के पीछे कुछ लोग रुपयों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर मौके से सद्दाम उर्फ यूसुफ पठान, जहूर खान, प्रतीक निवासी देपालपुर, सादिक और सहीद निवासी सांवेर को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से ताश के पत्ते और नकदी राशि जब्त कर सभी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

# आयशर की चपेट में आकर युवक की मौत

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

भंवरकुआं थाना क्षेत्र में नेमावर रोड पर एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। विशाल मेगा मार्ट के सामने तेज रफ्तार आयशर चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए एक युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान धर्मेंद्र पिता राधेश्याम उइके (33) निवासी सतवास जिला देवास हाल मुकाम उद्योग नगर पालदा के रूप में हुई है। धर्मेंद्र नेमावर रोड से गुजर रहे थे, तभी विशाल मेगा मार्ट के सामने आयशर वाहन क्रमांक एमपी-04 वायवाय-0914 के चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि धर्मेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद राहगिरों की मदद से उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही भंवरकुआं थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने आयशर वाहन के अज्ञात चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने और हत्या की धारा में केस दर्ज कर आरोपी चालक व वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

# शराब पीकर बस और ट्रक चला रहे चालकों पर पुलिस की कार्रवाई, 2 बसें और 1 ट्रक जब्त

**इंदौर।** शहर में सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नकेल कसने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत संयोगितागंज थाना पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान शराब के नशे में वाहन चला रहे दो यात्री बसों और एक ट्रक के चालकों को धर दबोचा। पुलिस ने तीनों वाहनों को जब्त कर चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के निर्देशों पर एसीपी संयोगितागंज नीति राजेश दण्डोतिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी के.पी.एस. यादव की टीम द्वारा जीपीओ चौराहा पर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान ब्रीथ एनालाइजर से जांच करने पर दो यात्री बसों एमपी-13 पी 1495, बस क्रमांक एमपी 69 पी 0395 तथा एक ट्रक क्रमांक केए-01 एमआर 1235 के चालक अत्यधिक नशे में पाए गए। यात्री बसों में सवारियां बैठी हुई थीं, जिनकी जान को गंभीर खतरा बना हुआ था। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए तीनों वाहनों को जब्त कर चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत केस दर्ज किया। वहीं, बसों में मौजूद यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को देखते हुए पुलिस ने उन्हें दूसरी वैकल्पिक बसों के माध्यम से सुरक्षित उनके गंतव्य तक भिजवाने की व्यवस्था की। इंदौर पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नशे में वाहन चलाकर लोगों की जान जोखिम में डालने वालों के खिलाफ यह कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।





स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।